23-JAN- Jash-bhoomi-pg-1_Layout 1 1/23/2026 8:12 PM Page 1


हरिभूमि

# जशपुर-रायगढ़ भूमि

बिलासपुर, शनिवार, 24 जनवरी 2026

पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा


तापमान

अधिकतम 22.2 डिग्री

न्यूनतम 10.2 डिग्री


4

मापन मेला से बच्चों की गणितीय अवधारणाएं स्पष्ट होंगी: शर्मा




## खबर संक्षेप

### मुख्य समारोह में स्वास्थ्य मंत्री देंगे परेड को सलामी



**जशपुरनगर।** जिला मुख्यालय जशपुर में गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन रणजीता स्टेडियम जशपुर में लोक स्वास्थ्य और परिवार कल्याण, चिकित्सा शिक्षा, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास, 20 सूत्रीय कार्यान्वयन मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न होगा। गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह 26 जनवरी को प्रातः 9 बजे से प्रारंभ होगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण एवं सलामी, परेड का निरीक्षण, मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन, शहीद परिवार का सम्मान तथा उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारी का सम्मान किया जाएगा। साथ ही स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति एवं विभिन्न विभागों द्वारा झांकी प्रदर्शन किया जाएगा।

### प्रभावित परिजन हेतु 4 लाख की राशि स्वीकृत

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने प्राकृतिक आपदा में जनहानि के एक मामले में प्रभावित परिजन को आरबीसी 6-4 के तहत 04 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि की स्वीकृत दी है। पत्थलगांव तहसील अंतर्गत ग्राम बालाझर निवासी स्व.विनोद कुमार ध्रुव कुआं के पानी में डूबने से 16 दिसम्बर 2024 को मृत्यु हो गई। मृतक के निकटतम वारिस उनके पत्नी रमशीला बेवा हेतु 04 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर जिला स्तरीय समारोह कल

**जशपुरनगर।** भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशानुसार राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर जशपुरनगर में जिला स्तरीय समारोह का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 25 जनवरी पूर्वान्ह 10.30 बजे से स्वर्ण जयंती सेमिनार हॉल, शासकीय राम भजन राय एन.ई.एस. स्नातकोत्तर महाविद्यालय जशपुर में संपन्न होगा। इस गरिमामय समारोह में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सत्येन्द्र कुमार साहू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ.अमरेन्द्र, प्राचार्य शासकीय एनईएस स्नातकोत्तर महाविद्यालय जशपुर द्वारा की जाएगी। समारोह का उद्देश्य लोकतांत्रिक मूल्यों को सुदृढ़ करना, मतदाता जागरूकता बढ़ाना तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी निर्वाचन प्रक्रिया के प्रति जनभागीदारी को प्रोत्साहित करना है। इस अवसर पर मतदाता जागरूकता से जुड़े संदेशों, उपलब्धियों एवं प्रेरक गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रोहित व्यास ने जिले के नागरिकों, युवाओं, विद्यार्थियों, जनप्रतिनिधियों एवं विभिन्न संस्थाओं से कार्यक्रम में सहभागिता कर लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अपना योगदान देने की अपील की है।

### मृतकों के परिजन व घायलों के लिए आर्थिक सहायता की घोषणा

**बलरामपुर।** छत्तीसगढ़-झारखंड सीमा पर स्थित ओरसा घाट के समीप हुई बस दुर्घटना पर स्थानीय विधायक एवं प्रदेश के कृषि मंत्री राम विचार नेताम के विशेष प्रयासों और संज्ञान के बाद, मुख्यमंत्री ने तत्काल प्रभाव से दुर्घटना में मृतक और घायल हुए लोगों के लिए मुआवजे की घोषणा की है। ज्ञातव्य है कि 18 जनवरी को इस भीषण सड़क हादसे में अपनी जान गंवाने वाले यात्रियों के प्रति कृषि मंत्री राम विचार नेताम ने शोक प्रकट करते हुए उनके शोक संतप्त परिजनों को ढांढस बंधाया है। नेताम की अनुशंसा पर मुख्यमंत्री श्री साय द्वारा इस प्रभावित परिवारों को संबल प्रदान करने हेतु मृतकों के परिजनों को 5-5 लाख रुपए की अनुग्रह राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है।

## विधायक ने किया 1 करोड़ के 8 कार्यों का भूमिपूजन

# राज्य सरकार की प्राथमिकता ग्रामीण क्षेत्र के विकास को सुदृढ़ करना: भगत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

विधानसभा क्षेत्र की विधायक रायमुनी भगत ने शुक्रवार को ग्राम पंचायत कवई में विभिन्न विकास कार्यों का विधिवत भूमिपूजन कर ग्रामीण विकास को नई दिशा प्रदान की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता गांवों में बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ करना है, ताकि विकास का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच सके।

विधायक रायमुनी भगत ने ग्राम पंचायत कवई में सड़क, पुलिया, तटबंध, पंचायत भवन, आंगनबाड़ी भवन एवं व्यवसायिक परिसर सहित कुल आठ महत्वपूर्ण निर्माण कार्यों का भूमिपूजनकिया। इन कार्यों के पूर्ण होने से क्षेत्र में यातायात व्यवस्था बेहतर होगी, जलभराव एवं बरसात के मौसम में होने वाली समस्याओं से राहत मिलेगी तथा प्रशासनिक ⏭ शेष पेज 4 पर



### जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों की सहभागिता

भूमिपूजन कार्यक्रम में ग्राम पंचायत कवई की सरपंच सुमित्रा भगत, उप सरपंच राजेश भगत, वार्ड क्रमांक 04 की पंच कु. पुष्पलता सिंह, मंडल अध्यक्ष सन्ना आनंद यादव, महामंत्री नसरूल्लाह सिद्दीकी , मंडल अध्यक्ष पंडरा पाठ देवलाल भगत, वरिष्ठ कार्यकर्ता खखलू राम , हरिशंकर यादव पंडरा पाठ , काजल राय सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे। अपने संबोधन में विधायक रायमुनी भगत ने कहा कि क्षेत्र का संतुलित और समग्र विकास उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में भी इसी प्रकार गांव-गांव तक विकास कार्यों को पहुंचाया जाएगा, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में जीवन स्तर में सुधार हो सके। उन्होंने ग्रामीणों से विकास कार्यों में सहयोग करने तथा शासकीय योजनाओं का अधिकतम लाभ लेने की अपील की। यह भूमिपूजन कार्यक्रम शुक्रवार, 23 जनवरी 2026 को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन एवं समन्वय मनोज भगत, गुडडू, शक्ति केंद्र प्रभारी कवई एवं भूतपूर्व महामंत्री सन्ना मंडल तथा समस्त कार्यकर्ताओं द्वारा किया गया।

### 1 करोड़ 13 लाख रुपए की लागत से होंगे निर्माण कार्य

भूमिपूजन के अंतर्गत ग्राम कवई मुख्य मार्ग से अंबाडीपा तक सी.सी. रोड (गौरव पथ) निर्माण कार्य 15 लाख 56 हजार रु., बाजार डांड कवई में व्यवसायिक परिसर निर्माण कार्य (समग्र) 15 लाख, कवई–बुरजूकोना मार्ग पर आर.सी.सी. पुलिया निर्माण कार्य (नवीनीकरण) 15 लाख, इब नदी करम दह कवई में तटबंध निर्माण कार्य (नवीनीकरण) 15 लाख, डूमरगांझार कवई में आर.सी.सी. पुलिया निर्माण कार्य (पिछड़ा वर्ग प्राधिकरण) 10 लाख, ग्राम पंचायत कवई में पंचायत भवन निर्माण कार्य (नरेगा/अन्य मद) 19 लाख 50 हजार, बोखाताला कवई में आंगनबाड़ी भवन निर्माण कार्य (नरेगा) 11 लाख 69 हजार रु.तथा कवई मुख्य मार्ग से महादेव अखरा तुरी बस्ती तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य (नरेगा) 12 लाख रु.की स्वीकृति प्रदान की गई है। इन सभी कार्यों पर कुल 1 करोड़ 13 लाख 75 हजार रुपये की लागत आएगी।

# सुलझी अंधे कत्ल की गुत्थी, आरोपी गिरफ्तार

**जशपुरनगर।** जशपुर जिले की सोनक्यारी चौकी पुलिस ने ग्राम सरडीह में मिले अज्ञात शव के मामले में अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझाते हुए हत्या के आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 20 जनवरी 2026 को ग्राम सरडीह के समीप ईब नदी में एक व्यक्ति का शव मिलने की सूचना पुलिस को मिली थी। मृतक की पहचान रामचंद्र राम उम्र 60 वर्ष निवासी ग्राम सरडीह, चौकी सोनक्यारी, थाना सन्ना, जिला जशपुर के रूप में हुई। मृतक की पत्नी गंजो बाई उम्र 58 वर्ष ने पुलिस को बताया कि उनके पति 19 जनवरी को दोपहर लगभग 2 बजे घर से “घोघरा पुलिया, ईब नदी”जाने की बात कहकर निकले थे, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटे। अगले दिन तलाश के दौरान उनका शव नदी में डूबा मिला, जिससे प्रथम दृष्टया नदी में गिरने से मृत्यु की आशंका जताई गई।

### आरोपी गिरफ्तार जेल भेजा गया

अपराध स्वीकारोक्ति एवं पर्याप्त साक्ष्य मिलने पर पुलिस ने आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।



### पोस्टमार्टम में खुला राज

पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पंचनामा व पोस्टमार्टम कराया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृत्यु का कारण हत्यात्मक पाए जाने पर चौकी सोनक्यारी में अज्ञात आरोपी के विरुद्ध बीएनएस की धारा 103(1) के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू की गई।

### अंतिम बार आरोपी के साथ देखा गया मृतक

जांच के दौरान पुलिस ने मृतक के परिजनों, ग्रामीणों और सहकर्मियों से पूछताछ की। इसी दौरान एक ट्रैक्टर चालक ने अहम जानकारी देते हुए बताया कि 19 जनवरी की शाम वह, मृतक रामचंद्र राम और आरोपी सुबोध बेक तीनों ईब नदी के पास शराब पी रहे थे। बाद में चालक किसी काम से चला गया और मृतक को आरोपी के साथ छोड़ दिया।

### नशे में विवाद बना हत्या की वजह

पुलिस ने संदेह के आधार पर सुबोध बेक उम्र 28 वर्ष निवासी ग्राम नगेड़ा पत्थर, चौकी आरा, जिला जशपुर क(वर्तमान निवास ग्राम सरडीह) को हिरासत में लिया।

# एसएम ज्ञानोदय स्कूल में सरस्वती पूजन समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ पाकरगांव



एसएम ज्ञानोदय हायर सेकेंडरी स्कूल पाकरगांव में 23 जनवरी को विद्या की देवी सरस्वती का पूजन समारोह श्रद्धा, भक्ति एवं उल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में विद्यार्थियों, शिक्षक एवं अभिभावकों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखने को मिली।

विद्यालय परिसर में सरस्वती के तैलीय चित्र पर विधिवत पूजा-अर्चना की गई। वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हवन, आरती एवं प्रसाद वितरण किया गया। पूरे परिसर को सुंदर ढंग से सजाया गया, जिससे वातावरण भक्तिमय एवं प्रेरणादायक बना रहा। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक कन्हैया यादव ने कहा कि सरस्वती पूजन विद्यार्थियों में शिक्षा, संस्कार एवं अनुशासन की भावना को सुदृढ़ करता है। उन्होंने विद्यार्थियों को लगन एवं परिश्रम से अध्ययन कर जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में बच्चों ने अनुशासनपूर्वक सहभागिता निभाई तथा सरस्वती से विद्या, विवेक एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समारोह का उद्देश्य विद्यार्थियों में सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण एवं शिक्षा के प्रति सम्मान की भावना विकसित करना रहा, जिसमें विद्यालय परिवार पूर्णतः सफल रहा। अंत में सामूहिक प्रार्थना एवं प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# 415 बोरियों में 207 क्विंटल धान जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

छत्तीसगढ़ में धान खरीदी सीजन के बीच अवैध धान परिवहन पर जशपुर पुलिस की सख्ती लगातार जारी है। इसी कड़ी में थाना लोदाम क्षेत्र में पुलिस ने झारखंड से छत्तीसगढ़ लाए जा रहे अवैध धान से भरे एक ट्रक को पकड़ लिया। ट्रक से 415 बोरियों में भरा 207 क्विंटल धान जब्त किया गया है, जिसकी अनुमानित कीमत 4 लाख 76 हजार रुपये बताई जा रही है।

### भलमंडा में घेराबंदी, आधी रात पकड़ा गया ट्रक

22 जनवरी की रात करीब 12 बजे मुखबिर से सूचना मिलने पर लोदाम पुलिस ने राष्ट्रीय राजमार्ग-43 पर ग्राम भलमंडा के पास नाकाबंदी की। इसी दौरान संदिग्ध ट्रक युपी -63 एटी -1735 को रोका गया। तलाशी लेने पर ट्रक में भारी मात्रा में धान लोड मिला।



### ड्राइवर के पास नहीं थे कोई दस्तावेज

पूछताछ में चालक वीरेंद्र शर्मा उम्र 58 वर्ष निवासी धुर्वा, रांची ने बताया कि धान लोहरदगा झारखंड निवासी विक्की गुप्ता उम्र 32 वर्ष का है, जिसे जशपुर लाया जा रहा था। जब पुलिस ने धान से जुड़े दस्तावेज मांगे तो चालक कोई भी वैध कागजात पेश नहीं कर सका। इसके बाद पुलिस ने ट्रक सहित धान को जब्त कर कार्रवाई के लिए जिला प्रशासन को सौंप दिया।अब तक 46 मामलों में 2700 क्विंटल से ज्यादा धान जब्त।

### अवैध धान की एक एक बोरी पर पुलिस की नजर

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने साफ कहा कि धान खरीदी सीजन में अवैध धान की एक-एक बोरी पर नजर है। जिले में अब तक 46 मामलों में 2700 क्विंटल से अधिक अवैध धान पकड़ा जा चुका है और आगे भी यह कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

# राज्य स्तरीय मेले से खुलेगा रोजगार का सुनहरा अवसर

**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ शासन के कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग द्वारा युवाओं को रोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से राज्य स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। यह रोजगार मेला 29, 30 एवं 31 जनवरी 2026 को शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय, सेजबहार, रायपुर में आयोजित होगा।

मेले में निजी क्षेत्र के तकनीकी एवं गैर-तकनीकी लगभग 15,000 पदों के लिए चयन प्रक्रिया के अंतर्गत साक्षात्कार लिया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी जशपुर ने बताया कि राज्य स्तरीय रोजगार मेले में जशपुर जिले के आवेदकों का साक्षात्कार 29 जनवरी 2026 को निर्धारित किया गया है। जिले के इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी इस अवसर का लाभ उठाकर विभिन्न निजी कंपनियों में रोजगार प्राप्त कर सकते हैं। रोजगार मेले में सहभागिता के लिए अभ्यर्थियों का ऑनलाइन रोजगार पंजीयन तथा रोजगार मेला पंजीयन दोनों का किया जाना अनिवार्य है। इसके लिए अभ्यर्थी erogjar.cg.gov.in पोर्टल पर जाकर अपना पंजीयन कर सकते हैं। जिन आवेदकों ने अब तक पंजीयन नहीं कराया है, वे निर्धारित तिथि से पूर्व पंजीयन सुनिश्चित कर सकते हैं। रोजगार मेले में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थियों को 29 जनवरी 2026 को निर्धारित स्थल पर अपने समस्त आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित होना होगा।

# बीईओ ने ली विभिन्न संगठनों की बैठक



हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव

विकास खंड शिक्षा अधिकारी वेदानंद आर्य ने संयुक्त परामर्शदात्री समिति की बैठक ली। बैठक में शिक्षा विभाग के सभी संगठन के पदाधिकारी उपस्थित थे। उन्होंने विभागीय समस्याओं को प्रमुखता से रखा जिस पर विकास खंड शिक्षा अधिकारी ने संज्ञान लेते हुए समाधान करने का आश्वासन दिया, साथ ही शिक्षा गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने व अन्य विभागीय कार्यों को समय पर करने का निर्देश भी दिया। बैठक में सहायक विकास खंड शिक्षा अधिकारी नित्यानंद छत्तर, बीआरसी जगन्नाथ पाढ़ी व कार्यालय में पदस्थ सभी शाखा प्रभारी व शिक्षा विभाग के सभी संगठन पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# जशपुर वन विभाग ने जारी किया अलर्ट, 4 लोनर हाथी सक्रिय



**जशपुरनगर।** वन विभाग जशपुर द्वारा आमजन की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए पत्थलगांव परिक्षेत्र में लोनर हाथियों की सक्रियता को लेकर अलर्ट जारी किया गया है। विभाग ने जानकारी दी है कि पत्थलगांव परिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम जामझोर, महेशपुर, सराईटोला एवं खजरीकुड़केल के आसपास वर्तमान में 04 लोनर हाथी विचरणरत हैं। वन विभाग ने क्षेत्र के समस्त ग्रामीण जनों से अपील की है कि वे अत्यधिक सतर्कता बरतें।

■ हाथी दिखने पर तत्काल वन विभाग या नजदीकी वन अमले को दें सूचना

किसी भी प्रयोजन से अकेले वन क्षेत्र अथवा खेतों की ओर न जाएँ। यदि कहीं हाथी दिखाई दे, तो तत्काल इसकी सूचना वन विभाग अथवा नजदीकी वन अमले को दें तथा वन विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पूर्णतः पालन करें। विभाग द्वारा स्थिति पर सतत निगरानी रखते हुए मानव-हाथी द्वंद को न्यूनतम करने हेतु सभी आवश्यक एहतियाती उपाय किए जा रहे हैं। वन विभाग द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार परिक्षेत्र पत्थलगांव अंतर्गत 21 जनवरी की रात्रि को तपकरा परिक्षेत्र से एक अत्यंत आक्रामक स्वभाव का लोनर हाथी पत्थलगांव परिक्षेत्र के जामझोर बीट होते हुए खाडामाचा परिसर में विचरण करता हुआ ग्राम खाडामाचा पहुंचा। 22 जनवरी की प्रातः लगभग 6 बजे, ग्राम खाडामाचा निवासी राम साय नाग, पिता बाग राम, उम्र 65 वर्ष एवं संदीप नाग पिता जेठूराम, उम्र 09 वर्ष शौच क्रिया हेतु खेत की ओर गए थे। इसी दौरान उनकी आक्रामक लोनर हाथी से आकस्मिक मुठभेड़ हो गई, जिसमें हाथी के हमले से दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग द्वारा तत्परता दिखाते हुए घायलों को तत्काल समीपस्थ अस्पताल पहुंचाकर चिकित्सकीय उपचार प्रारंभ कराया गया। वर्तमान में दोनों घायलों की स्थिति पर सतत निगरानी रखी जा रही है। घटना की गंभीरता को देखते हुए संबंधित क्षेत्र में तत्काल अलर्ट जारी किया गया है। वन विभाग की हाथी गश्ती टीम एवं त्वरित प्रतिक्रिया दल द्वारा लगातार क्षेत्र का भ्रमण किया जा रहा है तथा ग्रामीणों को हाथियों की उपस्थिति के संबंध में निरंतर जानकारी दी जा रही है, ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना से बचाव सुनिश्चित किया जा सके।

## आयोजन परीक्षा पे चर्चा 2026 के अंतर्गत किया गया

# पराक्रम दिवस पर अन्तर्विद्यालयीन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

पीएम केंद्रीय विद्यालय, जशपुर में परीक्षा पे चर्चा 2026 के अंतर्गत ‘पराक्रम दिवस’के उपलक्ष्य में ‘ऑपरेशन सिंदूर विषय पर एक भव्य अंतरविद्यालय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें पीएम स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय जशपुर, सैजेस जशपुर, शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जशपुर, प्रयास रेजिडेंशियल स्कूल, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गम्हरिया तथा पीएम केंद्रीय विद्यालय जशपुर सहित कई प्रतिष्ठित विद्यालयों के विद्यार्थियों ने भाग लिया।

### प्रश्नोत्तरी का विषय रहा ऑपरेशन सिंदूर




### प्रतियोगिता में इन छात्रों ने पाई विजय

मिडिल स्टेज वर्ग में प्रथम स्थान संयुक्त रूप से पीएम केंद्रीय विद्यालय जशपुर के कक्षा 6-ब के अनंत नारायण सिंह एवं पीएम स्कूल जेएनवी जशपुर के कक्षा 6-ए के अक्षत यादव ने प्राप्त किया, जबकि द्वितीय स्थान पीएम स्कूल जेएनवी जशपुर के कक्षा 7-ए के कार्तिक साहू को मिला। वहीं सेकेंडरी स्टेज वर्ग में प्रथम पुरस्कार सैजेस जशपुर की कक्षा 11-ए की तनु कुमारी ने जीता तथा द्वितीय पुरस्कार संयुक्त रूप से सैजेस जशपुर की कक्षा 11-ए की मान्यता भगत एवं शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के कक्षा 12-ए के गोविंद हलदार को प्रदान किया गया।

### स्मृति चीन स्वरूप भेट की गई पुस्तकें

सभी प्रतिभागियों को स्मृति चिह्न स्वरूप पुस्तकें भेंट की गईं तथा पुरस्कार वितरण कार्यक्रम स्थल की प्रधानाचार्या नरेंद्र कुमार के द्वारा किया गया, जिससे छात्रों में देशभक्ति एवं ज्ञान के प्रति उत्साह का संचार हुआ।


Nishant's
NEXT WORLD®
The fashion mall
तिरंगे के रंग, फैशन के संग!
Republic Day Special Sale
Men, Women, Kids Wear पर
UPTO 70% OFF
23 से 26 जनवरी तक
आज ही पधारें - ऑफर सीमित समय के लिए
Nishant Next World
देश की शान, आपके स्टाइल के नाम!
Republic Day Special Offers
पूरे परिवार के कपड़ों पर भारी छूट, आज ही आएँ - मौका सीमित है
Call now - 7774230141, 95160 89497
पता: अम्बेडकर चौक, अंबिकापुर (छ.ग.)

## खबर संक्षेप

### निरामय अस्पताल में शल्य चिकित्सा शिविर

**सुंदरगढ़।** फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के अंतर्गत जिला स्वास्थ्य समिति, सुंदरगढ़ तथा एनटीपीसी दर्लीपाली स्थित निरामय अस्पताल के संयुक्त तत्वावधान में तृतीय चरण का हाइड्रोसील शल्य चिकित्सा शिविर सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। यह शिविर सरकार के फाइलेरिया मुक्त भारत अभियान का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिसमें हाइड्रोसील ऑपरेशन को प्रमुख गतिविधि के रूप में शामिल किया गया है। जिला प्रशासन, जिला स्वास्थ्य समिति सुंदरगढ़ एवं निरामय अस्पताल, दर्लीपाली के समन्वित प्रयास से दिनांक 20 जनवरी को आयोजित इस शिविर में कुल 16 मरीजों का सफलतापूर्वक हाइड्रोसील ऑपरेशन किया गया। शिविर में लेफ्रीपड़ा एवं हेमगिर ब्लॉक से चिन्हित मरीजों को लाकर उपचार उपलब्ध कराया गया।

### पारदर्शिता पर निगम का फोकस

**राउरकेला।** राजस्व संग्रह को सुदृढ़ करने तथा भवन निर्माण स्वीकृति प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी प्रभावी और नागरिक अनुकूल बनाने के उद्देश्य से राउरकेला नगर निगम आरएमसी की एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयुक्त की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में शहरी विकास, प्रशासनिक सुधार और नियोजित निर्माण से जुड़े अहम बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक के दौरान आयुक्त ने राउरकेला के समग्र और सतत विकास के लिए मजबूत राजस्व आधार को अनिवार्य बताते हुए कहा कि नागरिक बुनियादी ढांचे और सार्वजनिक सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार के लिए राजस्व संग्रह बढ़ाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देश दिया कि नगर निगम क्षेत्र में अधिकतम राजस्व प्राप्ति सुनिश्चित करने के लिए सक्रिय, योजनाबद्ध और परिणामोन्मुखी कार्यप्रणाली अपनाई जाए।

### ड्रेन के लिए पावर हाउस में किया तोड़ फोड़

**राउरकेला।** भाजपा की बूथ एजेंट रही पूजा विश्वास के घर पर आर एम सी द्वारा 21 जनवरी की सुबह ड्रेन के लिए बुलडोजर चला देने का मामला राजनितिक हलकों में चर्चा का विषय बन गया हैं। जिससे शहर के पावर हाउस रोड स्थित नेशनल क्लब के पीछे बन रहे ड्रेन निर्माण को लेकर आरएमसी राउरकेला नगर निगम की कार्रवाई विवाद का विषय बन गई है। आरएमसी की टीम ने राउरकेला ट्रक मालिक संघ आरटीओ, ऑफिस लेन में स्थित एक मकान के दो कमरों को बुलडोजर से ढहा दिया। कार्रवाई के दौरान आरएमसी के अधिकारी अजित पटनायक समेत दर्जन भर से अधिक कर्मचारी मौजूद थे।

## योजनाओं की पहुंच होगी आसान, विकास को मिलेगी नई गति

# 6 सड़कों के निर्माण के निर्माण के लिए मिली 18 करोड़ की स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के दूरदर्शी एवं जनहितैषी नेतृत्व में जशपुर जिले में विकास कार्यों ने अभूतपूर्व गति पकड़ी है। उनके मार्गदर्शन में जिले में प्रगति और समृद्धि के नए द्वार खुल रहे हैं। विशेष रूप से अर्थव्यवस्था की जीवनरेखा मानी जाने वाली सड़कों एवं पुल-पुलियों के निर्माण में उल्लेखनीय प्रगति हुई है, जिससे जिले की तस्वीर तेजी से बदल रही है और आम नागरिकों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिल रहा है। पिछले दो वर्षों के दौरान जिले में कुल 914 करोड़ 94 लाख रुपए की लागत के 603 सड़कों की स्वीकृति प्राप्त हुई है। इसी विकास यात्रा को और आगे बढ़ाते हुए मुख्यमंत्री के निर्देश पर जशपुर जिले में 18.26 करोड़ रुपए की लागत से 6 नई सड़कों के निर्माण हेतु प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर जिन 6 सड़कों की स्वीकृति प्राप्त हुई है, उनमें 03 करोड़ 91 लाख 68 लाख रूपए लागत के



भट्ठा से सरगुजा सीमा तक सड़क मार्ग। जिसकी लंबाई 4 किलोमीटर है। इसी तरह 04 करोड़ 38 लाख 24 हजार रूपए लागत के 4.42 किमी लंबी बांसटोली से पण्डुटोली पहुंच मार्ग, 02 करोड़ 53 लाख रूपए लागत के 2.52 किमी लंबी दुर्गापारा से फरसापानी मैनी पहुंच मार्ग पुल-पुलिया सहित, 02 करोड़ 62 लाख 69 हजार रूपए लागत के 2.34 किमी लंबी सरडीह से पतरापारा पहुंच मार्ग, 02 करोड़ 36 लाख 54 हजार रूपए लागत के 1.75 किमी लंबी जरूड़ाड से टटकेला पहुंच मार्ग और 02 करोड़ 44 लाख 76 हजार रूपए लागत के 2.50 किमी लंबी बांसाटोली से अकरीकोना पहुंच मार्ग के निर्माण शामिल है।

### बदल रही है जिले की तस्वीर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार अधोसंरचना विकास की दिशा में हो रहे प्रयासों से जिले के हर कोने में विकास की रोशनी पहुंच रही है। दूरस्थ क्षेत्रों में निवास कर रहे समुदायों को विद्यालयों, सेवाओं, अस्पतालों तथा मंडियों से जोड़ने के लिए सड़कों का निर्माण और सुधार होने से उन्हें सहूलियत मिलने के साथ ही इन समुदायों को विकास की मुख्यधारा में जोड़ने में भी आसानी होती है। अच्छी सड़कें विकास की भी कुंजी भी कही जाती है। सुरक्षित, पक्की सड़कें जिनका उपयोग मौसम के सभी हालातों में किया जा सकता है, जो पहले कभी दुर्गम रास्तों से होकर अस्पताल पहुंचते थे, देरी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती थी, अब आधुनिक चिकित्सा केन्द्र तक आसानी से पहुंच सकते हैं। कई शोध बताते हैं कि स्कूलों, कॉलेजों तक पहुंच मार्ग हो जाने से ड्रॉप आऊट संख्या में भी कमी आती है। बाजार तक पहुंच आसान होने से किसानों को फसल का बेहतर मूल्य भी मिल पाता है। सड़कों का यह व्यापक विस्तार न केवल आवागमन को सुगम बना रहा है, बल्कि नागरिकों के जीवन स्तर में भी उल्लेखनीय सुधार ला रहा है। जिले के लोग इन विकास परियोजनाओं के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और राज्य सरकार के प्रति आभार व्यक्त कर रहे हैं।



## मापन मेला से बच्चों की गणितीय अवधारणाएं स्पष्ट होगीः शर्मा

**जशपुरनगर।** जिले के विकासखंड मनोरा संकुल डूमरटोली के प्राथमिक शाला बेलटोली में विकासखंड शिक्षा अधिकारी तरुण पटेल के मार्गदर्शन में आयोजित मापन मेला का उद्घाटन विकासखंड स्त्रोत केंद्र समन्वयक आशुतोष शर्मा ने किया इस अवसर पर उन्होंने कहा की ऐसी गतिविधियों से बच्चों की गणितीय अवधारणाएं स्पष्ट होती हैं मापन मेला अजीम प्रेमजी फाउंडेशन मनोरा के नीलाभ्र घोष संकुल डूमरटोली के शिक्षकों व छात्रों के परस्पर सहयोग से आयोजित हुआ जिसमें बच्चों के द्वारा विभिन्न गतिविधियों पर आधारित स्टाल के माध्यम से बच्चे धारिता मापन मुद्रा खरीद बिक्री करना बिल बनाना मापन लंबाई अनुमान लगाना मापन करना मेरी ऊंचाई अनुमान खेल मापन करना आदि रोचक गणितीय गतिविधियों से बच्चे खेल-खेल में सीख रहे थे। कार्यक्रम में सत्यदीप प्रसाद सीएसी डूमरटोली अजीत सिदार सीएसी सोगडा इंदु पटेल सीएसी टेम्पो एवं विकासखंड मनोरा उल्लास परियोजना समन्वयक विपिन विकास खरे प्रवीण पाठक प्रधान पाठक माध्यमिक शाला डुमरटोली व संकुल डूमरटोली के शिक्षक एवं बच्चे उपस्थित रहे।

## मनोरा में पीयर एजुकेटर प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर





कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देशन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.जीएस जात्रा जिले में राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत 21 जनवरी से विकासखंड मनोरा में छः दिवसीय पियर एजुकेटर प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। पियर एजुकेटर प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य किशोरों 10 से 19 वर्ष आयु वर्ग के युवा के साथ काम करने की आपार संभावनाओं व किशोरों में स्वास्थ्य एवं कल्याण के संबंध में सोच-समझकर और जिम्मेदारी पूर्ण निर्णय लेने कि क्षमता विकसित करना है। पीयर एजुकेटर समुदाय से चयनित ऐसे किशोर और किशोरी होते है जो शरीर के विकास के चरण में अनेक चुनौतियों का सामना करने तथा उपलब्ध अवसरों का बेहतरीन संभव ढंग से उपयोग करने में अन्य किशोर-किशोरियों का मार्गदर्शन व मदद करते है। प्रशिक्षण राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत किशोरों के लिए, समुदाय में उपलब्ध सरकारी अस्पतालों-औषधालयों और अग्रिम पंक्ति के स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के जरिए दी जाने वाली विविध प्रकार की सेवाएं उपलब्ध कराता है। कार्यक्रम किशोरों में अनुकूल सोच, किशोर और किशोरियों की स्वास्थ्य परेशानियों का समाधान करने के लिए उन्हे कौशल क्षमता उपलब्ध कराता है। इस कार्यक्रम के तहत छः महत्वपूर्ण क्षेत्रों जैसे- पोषण, यौन स्वास्थ्य, असंचारी रोग, मादक पदार्थों का दुरुपयोग, चोट, हिंसा, मानसिक स्वास्थ्य आदि के प्रति पीयर एजुकेटर प्रशिक्षण के माध्यम से किशोर और किशोरियों को प्रशिक्षित कर समुदाय में दृष्टिगत उक्त मामलों में हस्तक्षेप कर उचित शिक्षा व जागरूकता फैलाना है। पियर एजुकेटर प्रशिक्षण के तहत कुल 40 प्रतिभागियों जिसमें 32 (शाला प्रवेसी-शाला त्यागी) विद्यार्थी तथा 08 मितानिन को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण में उपस्थित प्रतिभागियों को प्रोत्साहन स्वरूप कार्यक्रम के तहत बैग, टी शर्ट एवं कैप प्रदान किया गया। प्रशिक्षण प्राप्ति उपरांत पीयर एजुकेटर प्रत्येक तीन माह में एक बार अपने गॉव में किशोर स्वास्थ्य दिवस आयोजित करने के लिए फ्रंटलाइन हेल्थ वर्कर्स और अन्य के साथ काम करेंगे। किषोर स्वास्थ्य दिवस का उद्देष्य किशोरों को पोषण, मानसिक स्वास्थ्य, व्यक्तिगत स्वच्छता और बाल विवाह के खतरों के बारे में जागरूक करना है। उक्त प्रशिक्षण के सफल आयोजन में प्रशिक्षक दल सहित कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ अरविंद रात्रे, निधी सिंह, आनंद लकड़ा, सु करिश्मा चौहान आदि के द्वारा महत्वपुर्ण भुमिका निभायी।

## लोगों को मिल रहा मुख्यमंत्री ग्रामीण बस योजना का लाभ

**जशपुरनगर।** जिस गांव में कभी बस की पहुंच नहीं थी, आज वहां बस के आते ही बच्चों के चेहरे खिल उठते हैं। सड़क पर बस दिखते ही बच्चे हाथ हिलाकर खुशी जाहिर करते हैं और हॉर्न की आवाज़ सुनते ही लोग घरों से बाहर निकल आते हैंकृएक नई उम्मीद के साथ। यह उम्मीद अब शहर मुख्यालय, नगर मुख्यालय और विकासखंड मुख्यालय तक आसान पहुंच की है।

यात्री बस में बैठकर लोग उन दिनों को याद करते हैं, जब उन्हें पैदल या किसी निजी वाहन के सहारे दूसरे स्थानों तक जाना पड़ता था। अब हालात बदल चुके हैं। स्कूल के बच्चे समय पर स्कूल पहुंच रहे हैं, वहीं अधिकारी-कर्मचारी भी समय पर अपनी ड्यूटी पर पहुंच पा रहे हैं। यह बदलाव सिर्फ़ सुविधा का नहीं, बल्कि उन ग्रामीण परिवारों के सपनों का है जो विकसित भारत की कल्पना को अपने जीवन में साकार होते देख रहे हैं। यह परिवर्तन मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री ग्रामीण बस योजना से संभव हो पाया है। इस योजना के तहत आज बसें उन गाँवों तक पहुँच रही हैं, जहां पहले कभी बस नहीं पहुंची थी।



### पहाड़ी अंचल की महिलाओं को मिली राहत

बगीचा विकासखंड के सन्ना निवासी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सुनीता निकुंज बताती हैं कि पहले उन्हें पास के गांव स्थित आंगनबाड़ी केंद्र तक पहुंचने के लिए किसी से लिफ्ट लेनी पड़ती थी, निजी वाहन या पैदल जाना पड़ता था। पहाड़ी क्षेत्र होने के कारण यह बहुत कठिन था। अब ग्रामीण बस से उनकी यह समस्या दूर हो गई है। वे कहती हैं, "यह बस मेरे लिए बहुत बढ़िया साधन बन गई है।"

### ग्रामीणों के चेहरे पर लौटी मुस्कान

बस में सफर कर रहे ग्राम मरंगी निवासी दशरथ भगत हंसते हुए बताते हैं कि पहले इस सड़क पर बस नहीं चलती थी, इसलिए पैदल ही आना-जाना करना पड़ता था। "अब मुख्यमंत्री जी की पहल से बस शुरू हो गई है। हम आसानी से बगीचा जाते हैं और समय पर वापस भी लौट आते हैं।"यात्री मंगल राम बताते हैं कि पहले वे छिछली और चंपा जैसे बाजारों तक पैदल जाया करते थे। "अब बस आने से बहुत सुविधा हो गई है।

## छग के ट्रांसपोर्टरों के साथ अन्याय युवा कांग्रेस ने दिया अल्टीमेटम

**रायगढ़।** ओड़िशा सीमा पर कोयला परिवहन को लेकर लगातार गहराते विवाद पर जिला अध्यक्ष, युवा कांग्रेस उस्मान बेग ने राज्य सरकार से तत्काल उच्चस्तरीय हस्तक्षेप की मांग की है। उन्होंने कहा कि यह मामला अब केवल ट्रांसपोर्ट या व्यापार का नहीं रहा, बल्कि संविधान, संघीय व्यवस्था और देश की आंतरिक शांति से जुड़ा गंभीर विषय बन चुका है।



जिला अध्यक्ष युवा कांग्रेस ने बताया कि ओडिशा के सुंदरगढ़ ज़िले की खदानों से प्रतिदिन 1000 से 1200 कोयला वाहन छत्तीसगढ़ में प्रवेश करते हैं। इन वाहनों से एक संगठन द्वारा वर्षों से 150 से 500 प्रति गाड़ी अवैध वसूली की जा रही है। औसतन यह राशि करीब 93 करोड़ रुपए से अधिक बैठती है। यह पैसा न किसी सरकारी खाते में गया और न किसी वैधानिक कल्याण कार्य में बल्कि आरोप है कि इसी धन से असामाजिक तत्वों को पाला गया और राजनीतिक संरक्षण खरीदा गया। उन्होंने कहा कि जब छत्तीसगढ़ के ट्रांसपोर्टरों ने इस अवैध व्यवस्था के खिलाफ आवाज़ उठाई, तो जवाब में डर, दबाव और हिंसा का सहारा लिया गया।

## अनुभव प्रमाण-पत्र जमा करने की समय-सारिणी जारी

**जशपुरनगर।** संचालनालय स्वास्थ्य सेवाएं, छत्तीसगढ़ द्वारा संभाग एवं जिला स्तरीय तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के पदों पर सीधी भर्ती की प्रक्रिया को आगे बढ़ाते हुए महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए गए हैं। संचालनालय द्वारा स्टाफ नर्स, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक (पुरुष व महिला), वार्ड बॉय एवं वार्ड आया के कुल 525 पदों पर सीधी भर्ती हेतु विज्ञापन प्रकाशित किया गया था। इसके अंतर्गत व्यापम द्वारा संबंधित पदों की परीक्षा आयोजित कर परीक्षा परिणाम वेबसाइट पर अपलोड किया जा चुका है। छत्तीसगढ़ शासन लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग मंत्रालय के आदेशानुसार कोरोना वैश्विक महामारी के दौरान शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं में कार्यरत रहे अभ्यर्थियों को अनुभव का लाभ प्रदान किया जाना है। इसके तहत व्यापम परीक्षा में सम्मिलित ऐसे अभ्यर्थी, जिन्होंने कोरोना काल में न्यूनतम एक वर्ष में 6 माह का कार्य अनुभव प्राप्त किया है, वे संबंधित जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से निर्धारित प्रपत्र में अनुभव प्रमाण-पत्र प्राप्त कर निर्धारित समय-सीमा के भीतर प्रस्तुत कर सकेंगे।

### अभ्यर्थियों के लिए आवश्यक निर्देश

कोरोना महामारी के दौरान जिस जिले में अभ्यर्थी ने सेवाएं दी हैं, उसी जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को आवेदन प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। आवेदन के साथ नियुक्ति आदेश, जॉइनिंग आदेश एवं वेतन संबंधी दस्तावेज संलग्न करना होगा। केवल मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा जारी अनुभव प्रमाण-पत्र ही मान्य किया जाएगा। अभ्यर्थियों को यह प्रमाण-पत्र 29 जनवरी 2026 तक केवल स्पीड पोस्ट के माध्यम से कार्यालयीन समय में संबंधित कार्यालय में जमा करना होगा।

### अनुभव प्रमाण-पत्र सत्यापन एवं मेरिट सूची की समय-सारणी

निर्धारित अवधि में प्राप्त अनुभव प्रमाण-पत्रों का सत्यापन 30 जनवरी से 8 फरवरी तक संभाग स्तरीय समिति द्वारा किया जाएगा। सत्यापन उपरांत समिति द्वारा 9 फरवरी को संचालनालय स्वास्थ्य सेवाएं, छत्तीसगढ़ को विवरण प्रस्तुत किया जाएगा। इसके पश्चात संचालनालय द्वारा 10 से 18 फरवरी के मध्य मेरिट सूची जारी की जाएगी।

## किण्डर वैली के वार्षिकोत्सव में थिरके नन्हें कदम, दर्शकों का मोहा मन



**रायगढ़।** शहर के रामलीला मैदान स्थित शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी शिक्षण संस्था किण्डर वैली ने स्कूल डायरेक्टर श्रीमती रेणु के मार्गदर्शन में 18 जनवरी को एक निजी होटल में बच्चों के लिए यादगार वार्षिकोत्सव 2025-26 का आयोजन किया। स्कूली बच्चों ने मनभावन परिधानों में खूबसूरत ढंग से सजकर मंच में तमाम उपस्थित लोगों के समक्ष अपने दिल की कला का बेझिझक प्रदर्शन करते हुए सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया साथ ही उनके हुनर की रौशनी से होटल का परिसर जगमगा गया तो उनकी हर खूबसूरत प्रस्तुति पर लोगों ने दिल से तालियाँ बजाकर उनके हौसले को बुलंद किया। दीप प्रज्वलन से शुभारंभ शाम को बेहद खुशनुमा माहौल में तमाम अभिभावकों की उपस्थिति में सर्व प्रथम भगवान गणेश की वंदना और माता सरस्वती की पूजा अर्चना व दीप प्रज्वलित कर डायरेक्टर श्रीमती रेणु जिला प्रेस क्लब अध्यक्ष हेमंत थवाईत व अभिभावकों ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया, और मंत्रों के मधुर धुन से समूचा परिसर गुंजायमान हो गया।

## पेज 1 के शेष...

### राज्य सरकार की ...

और सामाजिक सेवाओं को मजबूती प्राप्त होगी। ग्रामीण जीवन को मिलेगा सीधा लाभः इन विकास कार्यों के पूरा होने से ग्राम पंचायत कवई एवं आसपास के गांवों के लोगों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। सड़क और पुलिया निर्माण से बाजार, विद्यालय, स्वास्थ्य केंद्र एवं प्रशासनिक कार्यालयों तक पहुंच आसान होगी। तटबंध निर्माण से बरसात के दौरान होने वाले जलभराव एवं कटाव की समस्या से राहत मिलेगी। पंचायत भवन के निर्माण से ग्राम प्रशासन को स्थायी एवं व्यवस्थित कार्यस्थल मिलेगा, वहीं आंगनबाड़ी भवन बनने से महिला एवं बाल विकास सेवाओं को मजबूती मिलेगी। व्यवसायिक परिसर निर्माण से स्थानीय व्यापार को बढ़ावा मिलेगा और रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे।

## निधन...

### रबी कानुंगो

**राउरकेला।** राउरकेला के प्रतिष्ठित स्तंभकार, वरिष्ठ पत्रकार और साहित्यकार रबी कानुंगो का बुधवार देर रात भुवनेश्वर में निधन हो गया। उनके निधन से ओड़िया भाषा, साहित्य और पत्रकारिता के क्षेत्र में एक युग का अंत हो गया है। उन्होंने अपने लेखन और संपादकीय दृष्टि के माध्यम से न केवल समाज को दिशा दी, बल्कि भाषा और विचार की गरिमा को भी सुदृढ़ किया।

# सरसींवा क्षेत्र में टोकन संकट और मनमानी से किसान हो रहे परेशान

**सारंगढ़।** सरसींवा क्षेत्र के धान खरीदी केंद्रों में अव्यवस्था और लापरवाही अपने चरम पर है। टोकन समय पर न कटने, गुणवत्ता के नाम पर मनमाने ढंग से धान रिजेक्ट करने और सीमित समय सीमा थोपे जाने से अन्नदाता गहरे संकट में फंस गया है। हालात ऐसे बन गए हैं कि किसान मजबूरी में अपना धान औने पौने दामों पर निजी व्यापारियों को बेचने को विवश हो रहे हैं।



किसानों का आरोप है कि कई खरीदी केंद्रों में टोकन कटने की प्रक्रिया लगभग ठप पड़ी है। लंबे समय तक इंतजार के बावजूद टोकन नहीं मिलने से किसानों की मेहनत पर पानी फिर रहा है। दूसरी ओर मंडियों में लाए गए धान को स्तरहीन, मिट्टी मिश्रित या कचड़ा युक्त बताकर बिना ठोस जांच के रिजेक्ट कर दिया जा रहा है, जबकि यही धान पूर्व वर्षों में बिना किसी आपत्ति के स्वीकार किया जाता रहा है। उल्लेखनीय है कि धान खरीदी केंद्रों में धान खरीदी की निर्धारित अवधि अब अपने अंतिम चरण में है। शासन द्वारा घोषित समय सीमा के अनुसार धान खरीदी मात्र 29 जनवरी तक ही शेष रह गई है, लेकिन इस सीमित समय में भी खरीदी व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई नजर आ रही है। टोकन न कटनेए गुणवत्ता के नाम पर मनमानी और समय सीमा की सख्ती ने किसानों की परेशानी कई गुना बढ़ा दी है।

स्थिति को और भी गंभीर बनाता है यह नियम कि सुबह 12 बजे तक ही धान स्वीकार किया जाएगा। दूर दराज़ के गांवों से आने वाले किसानों के लिए यह समय सीमा किसी बड़ी बाधा से कम नहीं है। कई किसान सुबह निकलने के बावजूद समय पर केंद्र नहीं पहुंच पाते और उनका धान बिना खरीदी लौटाया जा रहा है।

> जब धान खरीदी की अंतिम तारीख 29 जनवरी सिर पर हो टोकन कटना बंद हो गुणवत्ता के नाम पर धान लौटाया जाए और 12 बजे की समय सीमा में किसान को बाहर कर दिया जाए तो यह अव्यवस्था नहीं, बल्कि अन्नदाता को बाजार के भरोसे छोड़ने की सोची समझी व्यवस्था प्रतीत होती है। वही सरकार कही न कही खरीदी कम रूप से करना चाह रही है।
>
> **रेशम कुर्रे**
> **पार्षद नपं सरसींवा एवं पूर्व सभापति जिपं बलौदाबाजार**

### कांग्रेस ने की मंडल अध्यक्षों की घोषणा

**बरमकेला।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा प्रदेशभर के जिलों एवं ब्लॉकों में संगठनात्मक विस्तार के तहत बरमकेला ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले विभिन्न मंडलों के अध्यक्षों की घोषणा की गई है। इसी क्रम में डभरा मंडल से सुशील नायक को मंडल अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। सूची के अनुसार बरमकेला शहर से सालीकराम नायक, डभरा से सुशील नायक, लेंधा से विजय पटेल, तौसीर से चंद्रचरण नायक, डोंगरीपाली से मनोरंजन भोय, बड़े नावापारा से गुरुचरण प्रधान तथा देवगांव से ललित नायक को मंडल अध्यक्ष बनाया गया है।

## चांदमारी स्कूल में त्रैमासिक बैठक

**रायगढ़।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चांदमारी रायगढ़ में शाला प्रबंधन एवं विकास समिति एवं पालक शिक्षक सम्मेलन शासन के मंशानुरूप विभागीय निर्देशानुसार प्रभारी प्राचार्य भरत लाल नामदेव सह कार्यक्रम प्रभारी डॉ.मनीषा त्रिपाठी के नेतृत्व में एएस एम डी सी अध्यक्ष शोभा शर्मा की अध्यक्षता में सदस्यगण शिक्षाविद् पूर्णानंद शर्मा, पालक सदस्य जयकुमारी नाग आदि की उपस्थिति में आयोजन किया गया इस सम्मेलन में सभी बहुत उत्साहित दिखाई दिए।







